दिन—रविवार दिनांक— 09/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में तीसरे चरण में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। राज्य के नव नियुक्त इक्यावन हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला।

02. राजद नेता तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने में विफल रहने का आरोप लगाया। भाजपा ने किया पलटवार, कहा—राजद पहले अपने परिवार के आरक्षण को समाप्त करें।

03. पटना नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा— शहर को स्वच्छ रखने के लिए जल्द टॉयलेट पॉलिसी लाई जायेगी।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए दो सौ बावन रनों का लक्ष्य दिया।

---

बीपीएससी की ओर से आयोजित तीसरे चरण की परीक्षा में चयनित इक्यावन हजार तीन सौ नवासी शिक्षकों के लिए आज पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना सहित आठ जिलों के दस हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। शेष तीस जिलों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र संबंधित जिले में ही वितरित किए गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले, दूसरे और तीसरे चरण को मिलाकर अब तक दो लाख अड़सठ हजार पांच सौ अड़तालीस शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि इससे छात्र—शिक्षक अनुपात में प्रभावी सुधार देखने को मिल रहा है।

———बाइट———

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार में युवाओं को लगातार नौकरी के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। नियुक्ति पत्र पाकर चयनित

शिक्षकों में काफी खुशी देखी गई। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य की एनडीए सरकार जाति आधारित सर्वे के तहत एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने में विफल साबित हो रही है। श्री यादव ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी इन वर्गों को आरक्षण दिलाने के लिए संसद से सुप्रीम कोर्ट तक संघर्ष कर रही है।

———बाइट———

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग को नीतीश कुमार के कार्यकाल में ही आरक्षण दिया गया है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राजद को पहले अपने परिवार को दिए हुए आरक्षण को समाप्त करना चाहिए।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य की एनडीए सरकार किसानों और महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। श्री चौधरी आज पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राज्य सरकार की योजनाओं पर संवाददाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के बजट

के माध्यम से किसानों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए गए है। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में पिंक बस सेवा शुरू की जायेगी जो पूरी तरह से महिलाओं के लिए समर्पित होगी।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दावा किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नीतीश कुमार के सुशासन में बिहार की जनता को पूरा विश्वास है।

———बाइट———

---

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि केन्द्रीय बजट में बिहार के चौतरफा विकास के लिए हर क्षेत्र को बड़ी राशि का आवंटन किया गया है। श्री हुसैन ने आज भागलपुर में पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि बजट में भागलपुर और सुल्तानगंज को दो–दो एयरपोर्ट की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट से बिहार विकास के नये पैमाने तय करेगा।

———बाइट———

---

पटना नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने आज कहा कि शहर को स्वच्छ रखने के लिए जल्द टॉयलेट पॉलिसी लाई

जायेगी। पटना में ठोस कचरा प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए श्री पराशर ने कहा कि पिंक टायलेट की संख्या बढेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के लिए नगर निगम लोगों के व्यवहार परिवर्तन पर भी काम कर रहा है ।

———बाइट———

नगर आयुक्त ने कहा कि सड़क शत्रु चिह्नित करने और कचरा वाले बिंदुओं को साफ कर वहां कार्यक्रम आयोजित करने से काफी सकारात्मक असर पड़ा है ।

———बाइट———

---

बिहार कांग्रेस ने अपने सामाजिक पटल के विस्तार और सांगठनिक मजबूती के लिए आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बैठक आयोजित की। इस अवसर पर कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लवारू और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हो रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारत को दो सौ बावन रनों को लक्ष्य दिया है। टीम इंडिया ने ताजा समाचार मिलने तक सत्रह ओवरों में बिना विकेट खोये एक सौ रन बना लिए हैं। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा अड़सठ रन और शुभमन गिल सत्ताईस रन बना कर खेल रहे हैं।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य का औसत अधिकतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस से बत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना

के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापामन में वृद्धि की संभावना है।

———बाइट———

---

राज्य में पहली बार दस से बारह मार्च तक नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के छब्बीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ पचास से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में तीसरे चरण में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। राज्य के नव नियुक्त इक्यावन हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला।

02. राजद नेता तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने में विफल रहने का आरोप लगाया। भाजपा ने किया पलटवार, कहा—राजद पहले अपने परिवार के आरक्षण को समाप्त करें।

03. पटना नगर निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सह नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा— शहर को स्वच्छ रखने के लिए जल्द टॉयलेट पॉलिसी लाई जायेगी।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए दो सौ बावन रनों का लक्ष्य दिया।

---

समाप्त